हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 20 जून 2025

04 चिंताजनक: हर साल घटती जा रही सरकारी...



10 सिकल सेल के लक्षणों को पहचानकर लोगों की...





### सकारात्मक पहल के तहत हुई गुरूवार को जनसुनवाई

## नपा की जनसुनवाई एक सकारात्मक पहल, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

प्रति गुरूवार होने वाली जनसुनवाई की सकारात्मक पहल सामने आने लगी है। जनसुनवाई में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने आए आवेदक के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बनाकर देने का कार्य किया गया है।

साथ ही पिछले गुरूवार को जनसुनवाई में श्रमिक कार्ड बनवाने का आवेदन दिया था। इस गुरूवार को जनसुनवाई के दौरान उन आवेदकों को श्रमिक कार्ड बनाकर दिए गए हैं। आज नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा नगरपालिका कार्यालय में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान उपयंत्री महेंद्रसिंह तोमर, दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया और रीना गुप्ता के साथ ही समूचा स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान नपा ने शिकायतों का निराकरण किया।

**नगर प्रशासन द्वारा सकारात्मक पहल के तहत गुरूवार को नपा कार्यालय में जनसुनवाई हुई इस सुनवाई से नगर की जनता को अपनी बात रखने का एक ही स्थान पर समाधान की अच्छी कोशिश है।**



### ग्रामीण अंचलों में भय व्याप्त

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। आज दूसरे गुरूवार भी कार्यालय में आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याएं बताई। नपाध्यक्ष यादव स्वयं ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण करने के निर्देश दिए गए। लोगों की समस्याओं का समाधान करना हमारी परिषद का प्रमुख दायित्व है। जनसुनवाई के माध्यम से हम लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। यह एक सकारात्मक पहल है। इससे आम नागरिक लाभांवित हो रहे हैं।

### बेटे का जन्म प्रमाण पत्र पाकर पिता हुए खुश



नगरपालिका में होने वाली जनसुनवाई का असर होने लगा है। आवेदक अपने बेटे वैभव यादव निवासी हासलपुर का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान हो रहे थे। जनसुनवाई में आए जहां नपाध्यक्ष यादव द्वारा उन्हें जन्म मृत्यु शाखा में भेजा गया। वहां जन्मप्रमाणपत्र बनवाने में लगने वाले समस्त दस्तावेजों की जानकारी दी गई। संपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराने पर तत्काल जसवंत के बेटे वैभव का जन्मप्रमाण पत्र बना कर दिया गया। इस पर पिता जसवंत ने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया। श्रम शाखा के संदीप यादव ने बताया कि बंगाली कालोनी निवासी जय विश्वास और दशहरा मैदान निवासी जीतेंद्र बस्तवार ने भी श्रमिक कार्ड बनवाने हेतु आवेदन दिया था। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव के संज्ञान में आने के बाद संपूर्ण दस्तावेजों की जांच उपरांत उन्हें भी श्रमिक कार्ड बनाकर दिए गए हैं।

## यह स्टेट हाईवे है जनाब, कोई रेत खदान का रास्ता का नहीं

### सड़क के दोनों ओर फैली रेत से स्कूली बच्चे और ग्रामीण हो रहे परेशान




नर्मदापुरम। शहर के बाबई रोड स्थित पुराने टोल नाके के पास लगभग एक किमी में रेत कटिंग की वजह से रोड के शोल्डर हाल बेहाल हैं। मप्र सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारी लगातार अनदेखी कर रहे जिसकी वजह से लोग परेशान हो रहें हैं। शाम के समय वाहनों की तेज लाईट की चकाचौंद के कारण दोपहिया वाहन चालकों को वाहन रोड से नीचे उतारना पड़ता जिस कारण वहां रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। जासलपुर ग्राम के ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत बे बाद भी संबंधित विभाग इस पर कोई एक्शन नहीं ले रहा है। रेत कटिंग वालों को निर्धारित व्यक्ति की जमीन पर ही यह कार्य करना चाहिए न कि रोड पर। संबंधित अधिकारी से चर्चा हुई जिसमें उन्होंने नोटिस देने की बात कही थी। रेत ठेकेदार द्वारा समय पर पानी का छिड़काव कर धूल से तो बचाव हो रहा है लेकिन सड़क के किनारे पड़ी रेत को नहीं हटाने के कारण दुर्घटनाओं की संभावनाएं बनी हुई हैं। आसपास के ग्रामीणों ने उक्त समस्या से निदान दिलाने के लिए शासन से मांग की है।

## नर्मदा आह्वान सेवा समिति व्दारा काव्य महोत्सव 22 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

समाजसेवा, कला, साहित्य, संस्कृति को सर्मपित संस्था नर्मदा आव्हान सेवा समिति व्दारा वाराणसी मे अखिल भारतीय काव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक किशोर करैया केप्टिन बताया की साहित्य, संस्कृति, कला की राजधानी, बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी ,वाराणसी के कैलाश मठ के भव्य परिसर जो कि आध्यात्मिक ओर पर्यटन स्थल पर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी आशुतोषानंद गिरी जी के स्नेहिल सानिध्य मे एंव अंतरराष्ट्रीय कवि प्रोफेसर ओमपाल सिंह निडर, वरिष्ठ कवि पं.भूषण त्यागी, अंर्तराष्ट्रीय कवि डॉ अनिल चौबे तथा दमदार वनारसी की गरिमामय उपस्थित मे 22ओर 23 जून को भव्य काव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के हंस राय ने बताया की आयोजन मे देश के विभिन्न प्रांतों से 50 कवि, साहित्यकारो को आंमत्रित किया गया है। करैया ने बताया की आयोजन दो सत्रों मे प्रातः 9 बजे से सांयकाल 6 बजे तक होगा। अतिथियों की उपस्थिति मे समिति व्दारा साहित्य गौरव सम्मान, व स्मृति चिन्ह प्रदान किये जाएंगे।

## विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

भाजपा मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुरुवार को राजेश्वरी गार्डन में संकल्प सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि 2014 में भारत को एक ऐसा नेतृत्व मिला जिसने शासन को पारदर्शी, जनहितैषी और विश्वसनीय बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने गरीबों को मकान, गैस, बिजली, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचाया। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता को सेवा का माध्यम बनाकर देश की दिशा और दशा दोनों को बदला है।कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों




द्वारा 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु समर्पण व निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, विवेक गौर एवं अखिलेश खंडेलवाल ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## शहर के नर्मदा कॉलेज में छात्रों ने एआई और फिनटेक विथ एआई कोर्स में पाई सफलता

### कॉलेज में दो नए ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स हो रहे संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम के 16 विद्यार्थियों ने आईआईटी दिल्ली और उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से संचालित हो रहे दो सर्टिफिकेट कोर्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं फिनटेक विथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों पाठ्यक्रमों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे ने सभी विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई दी नोडल अधिकारी डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे ने बताया दोनों कोर्स के लिए 8 - 8 छात्रों ने पंजीयन कराया था कक्षाएं ऑनलाइन दिल्ली से संचालित हुई है विद्यार्थियों ने नियमित अध्ययन कर अनुशासन और लगन से कोर्स को पूरा किया।

असाइनमेंट प्रोजेक्ट कार्य और वायवा में शानदार प्रदर्शन किया। आईआईटी दिल्ली द्वारा सफल छात्रों के लिए प्लेसमेंट की प्रक्रिया जारी है । उम्मीद है इससे विद्यार्थियों के लिए नौकरियों में सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे।

कोर्स को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अमिता जोशी , डॉ कमल वाधवा ,डॉ एन आर अडलक, रीनू वर्मा, उमेश सेन, जयश्री निमजे ,प्रतीत गौर, डा रोशनी थापक डॉ नीता वर्मा, शाहिद खान ने विशेष सहयोग दिया ।

## मगरिया की आरक्षित भूमि पर समेरिटन्स ग्रुप ने पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



समेरिटन्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स की टीम ने गुरुवार को सोहागपुर विकासखंड के ग्राम मगरिया में आरक्षित भूमि पर वृहद पैमाने पर पौधारोपण किया। इस सम्बन्ध में समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि इस गांव में जिला प्रशासन के निर्देशन में जंगल विकसित किया जाना है।

पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से इस जमीन पर जंगल विकसित किया जाना है। इस जमीन पर बरगद, पीपल, नीम, इमली, तेंदू, हल्दू, केम, कुसुम, बेल, कविट, अर्जुन, करंज आदि सहित अन्य प्रजातियों के पौधे रोप जाएंगे। उन्होंने बताया कि गुरुवार को यहां कुछ पौधे रोप गए हैं। जल्द ही बारिश होने के बाद यहां बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। इस जमीन पर शीघ्र ही सघन वन तैयार करने की योजना है। पौधरोपण के दौरान संजय सेलट, परितोष शर्मा, अमित माहेश्वरी, जेडी सिंह, स्वाति खंपरिया, वंदना जोशी, स्मिता कहाते सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्री समर्पण श्री नपा के विरोध में अनोखे अंदाज में करेगा प्रदर्शन

### चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा नपा का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नपा सीएमओ द्वारा श्री समर्पण श्री के प्रतिनिधि मंडल से मिलने के बाद नगर की साफ सफाई एवं अन्य मुद्दों को लेकर 15 दिन के भीतर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का आश्वाशन दिया गया था लेकिन अपने वादे से मुकरते हुए नगरपालिका सीएमओ ने आज दिनांक तक एक भी कार्य पूरी शिद्दत के साथ शुरू नहीं किया है। संस्था के स्वदेश सैनी ने बताया कि इसके बाद भी पुनः ज्ञापन के माध्यम से श्री समर्पण श्री ने उनके किए वादे की याद दिलाई लेकिन मैडम में एटीट्यूड इतना है कि वो ज्ञापन लेने अपने एसी चैंबर से बाहर नहीं आई, चुकी जन मुद्दों को लेकर श्री समर्पण श्री हमेशा नगरवासियों के साथ खड़ी नजर आती है, सीएमओ नगरपालिका की उदासीनता को देखते हुए श्री समर्पण श्री अब चरणबद्ध तरीके से सीएमओ के खिलाफ अपना आंदोलन शुरू करने जा रही है। इसी तारतम्य में कल शुक्रवार को कल शाम 5 बजे श्री समर्पण श्री सत्तरस्ता पर अनोखे अंदाज में अपना विरोध प्रदर्शन करेगी और ये आन्दोलन तब तक जारी रहेगा जब तक नगर व्यवस्थित नहीं हो जाता और इस तरह के उदासीन अधिकारी से नगर को मुक्ति नहीं मिल जाती।

## सौंदर्य खिला : मानसून की दस्तक से निखरी पचमढ़ी, पर्यटकों लुभा रही सतपुड़ा की वादियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

मानसून आते ही अगर आप किसी ऐसी जगह की तलाश में हैं, जहाँ प्रकृति अपने चरम सौंदर्य पर हो, तो मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी आपके लिए एकदम सही जगह है। मॉनसून में पचमढ़ी का नजारा ही कुछ और होता है। जुलाई से सितंबर तक, जब बारिश की बूँदें इस पहाड़ी इलाके को भिगोती हैं, तो यहाँ की हरियाली और भी गहरी हो जाती है, और झरने पूरे शबाब पर बहते हैं। यह वो समय होता है, जब पचमढ़ी का हर कोना किसी पेंटिंग जैसा लगता है।



पचमढ़ी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, लेकिन मॉनसून इसे एक अलग ही रंगत दे देता है। यहाँ के मुख्य आकर्षणों में अप्सरा विहार, बी फॉल्स, और रजत प्रपात शामिल हैं। मॉनसून में इन झरनों का शोर और पानी की ठंडक, पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है।

सिर्फ झरने ही नहीं, यहाँ की घाटियाँ और रास्ते भी बारिश में और भी मनमोहक हो जाते हैं। चारों ओर फैली हरी-भरी वादियाँ, कोहरे से ढकी पहाड़ियाँ और चिड़ियों का चहचहाना, एक ऐसा अनुभव देते हैं, जो शहरी जीवन की भागदौड़ से दूर एक शांतिपूर्ण सुकून प्रदान करता है। प्रकृति प्रेमी और फोटोग्राफरों के लिए यह समय स्वर्ग से कम नहीं होता।

## आम के पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुआ बालक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर


ब्लॉक के सिंगवाड़ा गांव में गुरुवार सुबह एक बालक वृक्ष से गिरकर घायल हो गया है। घायल बालक को सोहागपुर के सरकारी अस्पताल से प्रारंभिक उपचार के बाद नर्मदापुरम रेफर किया गया है। सोहागपुर अस्पताल से प्राप्त जानकारी अनुसार करीब 10 वर्षीय सूरज पुत्र संजू चीचाम निवासी ग्राम सिंगवाड़ा को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया। उसके चेहरे, गले व सीने पर हृदय स्थल के ऊपर घाव थे। साथ आज परिजनों ने बताया कि बालक गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे आम तोड़ने वृक्ष पर चढ़ा था। जहां से वह गिर गया। बालक फेंसिंग व झाड़ी पर गिरा। जिससे उसे चेहरे, सीने व गले में गंभीर चोटे आई हैं। स्टाफ ने उपचार उपरांत बालक को एंबुलेंस से नर्मदापुरम रेफर किया है। क्षेत्रवासियों ने सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह तक सूचना पहुंचाई। विधायक सिंह ने जिला अस्पताल में स्टाफ को सूचित किया कि बालक को जैसे ही जिला चिकित्सा लाया जाए।

### तवा कॉलोनी में चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला

## प्रवचन के नवमे दिन बोलीं सुश्री धामेश्वरी देवी, 'भगवान की प्राप्ति वास्तविक गुरु की शरणागति से ही हो सकती है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

मोरंड गंजाल कॉलोनी शिवराज पार्क के बगल से सिंचाई विभाग की तवा कॉलोनी में चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के नवमें दिन, जगदगुरुत्तम स्वामी कृपालु महाराज की प्रमुख सुश्री प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवी ने बताया कि वेदों में कहा गया है कि भगवान की प्राप्ति वास्तविक गुरु की शरणागति से ही हो सकती है।



वेदों में कहा गया है ईश्वरीय विषेय के तत्वज्ञान के लिए श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महापुरुष की आवश्यकता है। रामायण कहती है कि गुरू शास्त्र वेद का पूर्ण ज्ञाता भी हो और जिसने ईश्वर साक्षात्कार भी किया हो। वेदों-शास्त्रों में तो यहाँ तक कहा गया है कि गुरू और भगवान अलग न होकर एक ही तत्व है। उन्होंने कहा हरि और गुरु की शरणागति उनके प्रति पूर्ण समर्पण से ही हमारा काम बनेगा।

किसी महापुरुष को पहचानने में एक बात का प्रमुख दृष्टिकोण रखना चाहिए कि किसी से सुनकर किसी को महापुरुष न मान स्वयं देखभाल कर लें, अपितु समझकर उसे स्वीकार करना चाहिए। महापुरुष सिद्धियों का चमत्कार नहीं दिखाया करता। चमत्कार को नमस्कार करना ठीक नहीं, अपितु चमत्कारियों को दूर से नमस्कार करना ठीक है, अन्यथा अपना लक्ष्य खो बैठोगे। महापुरुष मिथ्या आशीर्वाद नहीं देता एवं शाप भी नहीं देता। हाँ, इतना अवश्य है कि मंगलकामना सम्पूर्ण विश्व के लिये रहती है क्योंकि वह पूर्ण-काम हो चुका है।

महापुरुषों को पहिचानने का प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि महापुरुष के दर्शन, सत्संगादि से ईश्वर में स्वाभाविक रूप से मन लगने लगता है। किन्तु, वह मन लगना सबका पृथक पृथक दर्जे का होता है। इसी प्रकार साधक का मन जितना निर्मल होगा, उतनी ही मात्रा में खिंच जायगा। संशयों को समाप्त करके सही साधना पथ पर चलाने का कार्य श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ महापुरुष ही कर सकता है।

## स्कूल वाहनों की जांच की गई आरटीओ ने दी सख्त हिदायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

परिवहन आयुक्त संभागायुक्त तथा कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों की जांच की गई। स्कूल संचालकों को सभी स्कूल वाहनों में मेडिकल बॉक्स, स्पीड गवर्नर लगा होना, अग्निशामक यंत्र, बस का फ्लोर सही होना, वाहनों के वाइपर चालू होना, हैडलाइट तथा इंडिकेटर दुरुस्त होना, इमरजेंसी गेट का सही होना तथा सीट न होना, वाहनों के सभी दस्तावेज पूर्ण होने सम्बंधी निर्देश तथा सख्त हिदायत दी गई।परिवहन विभाग द्वारा शहर के 25 स्कूल वाहनों की जांच की गई तथा शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के उपरांत स्कूल वाहनों में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर चलानी कारवाही की हिदायत दी गई ।

स्कूल संचालकों द्वारा भी लिखित रूप में वाहनों के दुरुस्त होने तथा दस्तावेज पूर्ण होने के उपरांत ही वाहनों को संचालित करने हेतु लिखित आश्वाशन दिया। विभाग द्वारा अभी तक लगभग 278 स्कूल वहां चेक किए जा चुके है ।

## खबर संक्षेप



### स्वच्छ भारत मिशन में करोड़ों का घोटाला करने वाले पकड़ाए

**बैतूल।** स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर बैतूल जिले के चिचोली और भीमपुर ब्लॉक में करोड़ों रुपए का घोटाला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में हरदू गांव की जनपद सदस्य सपना इवने और जनपद सीईओ के पूर्व ड्राइवर बीरबल रावत को छिंदवाड़ा जिले के परासिया से गिरफ्तार किया है। सपना इवने पर 44.41 लाख और बीरबल रावत पर 1.05 करोड़ रुपए के गबन का आरोप है। घोटाले में पुलिस ने कुल 10 लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें मुख्य आरोपी राजेंद्र सिंह परिहार है, जो उस समय चिचोली में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर था। घोटाला उजागर होने के बाद उसे तत्काल बर्खास्त कर दिया गया था, लेकिन वह अभी भी फरार है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए भोपाल, इंदौर, बालाघाट और महाराष्ट्र के गोंदिया में दबिश दी है। साथ ही उस पर 10 हजार और अन्य चार आरोपियों पर 5-5 हजार का इनाम घोषित किया गया है। जांच टीम ने सभी आरोपियों के बैंक खाते सील कर दिए हैं। साथ ही उनकी चल-अचल संपत्तियों की कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पुलिस साइबर सेल के जरिए पूरे नेटवर्क पर तकनीकी नजर बनाए हुए हैं।

### सोमगढ़ में सूने मकान में चार लाख की चोरी



**मुलताई।** चोरों ने अब ग्रामीण क्षेत्र के सूने मकान को निशाना बनाना प्रारंभ कर दिया है। ग्राम सोमगढ़ मे गुरुवार को दिन के 12 बजे दिनदहाड़े पूर्व सरपंच के सूने मकान को निशाना बनाया और घर में रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगद कुल 4लाख रुपए की चोरी की घटना को अंजाम देकर रफू चक्कर हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। चोरी की घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने गांव के पूर्व सरपंच दौलतराव बिहारे के खाली घर को उस वक्त निशाना बनाया जब पूर्व सरपंच बोवनी करने खेत गए थे, वहीं उनकी पत्नी आंगनवाड़ी में खाना बनाने गई थी इस दौरान घर सुना था। चोरों ने घर में घुसकर आलमारी का ताला तोड़ा। उसमें से 22 हजार रुपए नकद, एक सोने की चेन और दो मंगलसूत्र चुरा लिए। इसके अलावा पांच जोड़ी चांदी की पायल, दो सोने की अंगूठियां, दो घडय़ाीं और एक कमर पट्टा भी ले गए। चोरी किए गए कुल सोना चांदी के बर्तन एवं नगद का मूल्य करीब 4 लाख बताया जा रहा है। जब परिवार घर वापस लौटा तो उन्होंने देखा कि अलमारी टूटी हुई है और सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। पुलिस ने शिकायत दर्ज करके चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है। उल्लेखनीय कि बीते दिनों मुलताई नगर के ताप्ती वार्ड में भी चोरों ने दिनदहाड़े सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था तब चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे जिनका अब तक कोई सुराग नहीं लगा है।

### जनसुनवाई पहुंची ग्राम पोहर की समस्या

**भैंसदेही।** तहसील मुख्यालय पर ग्राम पंचायत पोहर के ग्राम पोहर की सडक़ समस्या का समाधान करने के लिए ग्रामीणों ने जनसुनवाई में आवेदन दिया। ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी भैंसदेही को ज्ञापन देकर सडक़ की समस्या का शीघ्र निराकरण करने की मांग की। आवेदन में बताया कि ग्राम पोहर में सडक़ खराब होने के कारण आवागन में काफी परेशानी हो रही है। माणिकराव के मकान के साईड से एवं डीपी के सामने रोड बहुत ही सकरी है। बारिश होने पर आवागमन पूर्णतः बंद हो जाता है, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना है। ग्रामीणों ने मुरमीकरण करने का निवेदन किया है, जिससे कि आवागमन में परेशानी उत्पन्न न हो।

## पिछले साल 17027 बच्चों का पंजीयन, इस साल जून तक 12045 बच्चों का प्रवेश

# चिंताजनक: हर साल घटती जा रही सरकारी स्कूल में बच्चों की संख्या!



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हर साल स्कूल चले हम अभियान चलाया जाता है, इसके बाद भी सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या घट रही है। हालात यह है कि कक्षा पहली में दर्ज छात्रों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है। इस साल महज 12045 बच्चों ने ही पहली में प्रवेश लिया है, जबकि पिछले साल यह संख्या 17027 थी। छात्र संख्या में आ रही गिरावट के कई कारण बताए जा रहे हैं। बता दे कि शिक्षा विभाग हर साल स्कूल चले हम अभियान चलाता है।

इस साल भी अभियान की शुरुआत अप्रैल में स्कूल खुलने पर की गई थी। शिक्षकों ने ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर दस्तक देकर बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने की कवायद की, लेकिन बड़ी सफलता नहीं मिल सकी। उल्टे पिछले साल से कम बच्चे दर्ज हुए हैं। इसके पीछे वैसे तो कई कारण बताये जा रहे है, लेकिन इसमें मुख्य कारण स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव और आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बच्चों का प्रवेश है। इसके अलावा यह भी देखा जा रहा है कि वर्तमान समय में निजी स्कूलों द्वारा अपने स्कूल का प्रचार प्रसार भी सरकारी स्कूलों की तुलना में व्यवस्थित ढंग से बड़े स्तर पर किया जाता है, और कहते हैं न कि जो दिखता है वही तो बिकता है। इन ही कारणों से सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या घट रही है। खबर के संबंध में जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक जितेन्द्र भनारिया जी से व्यक्तिगत मिलकर चर्चा करने का प्रयास किया, परंतु वे उपलब्ध नहीं थे एवं कईयों बार उनके मोबाइल पर चर्चा करने के लिए फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### जिला मुख्यालय में दर्ज छात्रों की संख्या सबसे कम

जिला मुख्यालय बैतूल में दर्ज छात्रों की संख्या सबसे कम है। कक्षा पहली में वर्ष 2024 में जहां 3065 बच्चों के नामांकन दाखिल किए गए थे। वहीं 2025 में यह आंकड़ा 1897 पर सिमटकर रह गया है। भैंसदेही में वर्ष 2024 में 1718 बच्चों ने कक्षा पहली में प्रवेश लिया था, लेकिन इस साल यह संख्या घटकर 977 पर पहुंच गई है। यह अकेले दो ब्लॉकों की स्थिति नहीं बल्कि जिले के दसों ब्लॉकों में यही हालात है। जिले में करीब 2 हजार प्राथमिक स्कूल हैं। इनमें कई प्राथमिक स्कूल ऐसे हैं जहां पहली में दर्ज बच्चों की संख्या महज चार से पांच है। शैक्षणिक वर्ष 2024 में सरकारी स्कूलों में 9149 बच्चों ने पहली में प्रवेश लिया था। इस साल यह संख्या घटकर 8889 रह गई है। जबकि पूर्व में पिछले सात -आठ वर्षों में देखा जाए तो यह आंकड़ा 25 हजार से ऊपर रहा करता था। गौरतलब है कि पिछले एक-दो वर्षो में बैतूल जिले में 7 से 8 प्राइमरी स्कूलों में छात्रों की संख्या नगण्य रहने के कारण बंद करके वहां के इक्का-दुक्का छात्र को समीपस्थ के स्कूलों में मर्ज कर दिया गया। अभी भी कई प्राथमिक स्कूल ऐसे है, जहां छात्रों की संख्या नाममात्र की ही है।

### कई योजनाएं, फिर भी एडमिशन से दूरी

शासकीय स्कूलों में बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन योजना चलाई जा रही है। साथ निशुल्क पाठ्यपुस्तक के साथ गणवेश वितरण किया जाता है और शिक्षा में गुणवत्ता लाने शासन शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है। फिर भी सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओ की दर्ज संख्या कम होना चिंताजनक है। अभिभावकों का कहना है कि शहर के शासकीय स्कूलों की शिक्षा में अब पहले जैसी गुणवत्ता नहीं रही। पहले सरकारी स्कूलों की पढ़ाई निजी स्कूलों से बेहतर थी, लेकिन अब शासकीय स्कूल के शिक्षकों को कई प्रकार के शासकीय कार्यो में लगा दिया जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

### स्कूल चले हम अभियान महज खानापूर्ति

हर साल बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्कूल चले हम अभियान चलाया जाता है। शिक्षक घर-घर दस्तक देकर अभिभावकों को बच्चों का एडमिशन कराने के लिए प्रेरित करते है, लेकिन अभिभावक सरकारी स्कूलों में एडमिशन कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाते है। कई अभिभावक निजी स्कूलों में बेहतर पढ़ाई होने की मानसिकता के कारण सरकारी स्कूल में एडमिशन नहीं कराते है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों की यहीं मानसिकता बन रही है। जिसके कारण शहरी क्षेत्र ही नहीं, ग्रामीण क्षेत्रों के भी सरकारी स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या में गिरावट आई है।

### छात्रों की संख्या कम होने का यह है प्रमुख कारण

सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या कम होने का मुख्य कारण यह भी है कि सरकारी स्कूलों में उचित कक्षाएं, स्वच्छता और डिजिटल संसाधनों सहित आवश्यक सुविधाओं का अभाव है। लोगों का मानना है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षण की गुणवत्ता निजी स्कूलों की तुलना में कम है, जिससे माता-पिता बच्चों को निजी स्कूल भेज रहे। कुछ सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी, अपर्याप्त बुनियादी ढांचा और शिक्षण सामग्री की कमी के कारण शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। जिसकी वजह से अभिभावक सरकारी स्कूलों में बच्चों का एडमिशन कराने में दिलचस्पी नहीं लेते है।

## व्यापारी 20 दिनों से लगा रहे गुहार

# नपा कर्मचारियों ने लगाया दुकानों के सामने गंदगी का अंबार

### अधिकारियों की भी नहीं सुनते कर्मचारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर पालिका स्वच्छता के नाम पर प्रति माह लाखों रुपए खर्च करती है, किंतु इसके परिणाम दिखाई नहीं देते। जगह-जगह पड़े गंदगी के ढेर स्वच्छता अभियान को मुँह चिढाते प्रतीत होते हैं। नगर की गलियों और मुख्य मार्ग की गंदगी तो और बात है किंतु नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा लगाए गए गंदे के देर भी 20-20 दिनों तक नहीं उठाए जाते और यह व्यापारियों के लिए बड़ी समस्या बन जाती है। नाका नंबर एक पर बीते दिनों नगर पालिका कर्मचारियों ने नागपुर मुख्य मार्ग पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वर्तमान इंदिरा गांधी वार्ड के पार्षद जीए बारस्कर के मकान के ठीक सामने सेफ्टी टैंक का गंदा पानी बहने की शिकायत पर नगरपालिका ने सेफ्टी टैंक का गंदा पानी जिस स्थान पर जमा हो रहा था, यहां से बड़े मात्रा में गंदा एवं बदबूदार मलवा निकालकर डहारे मेडिकल स्टोर एवं श्री कृष्णा बेकरी जनरल स्टोर के सामने गंदे मलवे का पहाड़ खड़ा कर दिया और नगर पालिका के कर्मचारियों को यह मलवे का पहाड़ खड़ा किए। गुरुवार के दिन तक 20 दिन हो गए है। मेडिकल स्टोर संचालक गौरव डहारे बताते हैं कि बदबूदार मलबे के पास खड़े रहना तो दूर गुजरा कठिन है। बदबू के कारण दुकानों पर ग्राहकों का आना-जाना दुश्वार हो गया है। इसके बावजूद हम लोगों को यहां बैठकर व्यापार करना पड़ रहा है। इसको लेकर नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारियों से लेकर पार्षद सभी से शिकायत की जा चुकी है किंतु कोई नतीजा नहीं निकला।

### अधिकारियों की भी नहीं सुनते कर्मचारी

सेफ्टी टैंक के गंदे मलबे से हो रही व्यापारियों को परेशानी के बाद जब व्यापारी ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर इसकी शिकायत उपयंत्री महेश शर्मा से की। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए महेश शर्मा ने संबंधित कर्मचारियों को फोन से कहा कि समय से हटा लिया जाना चाहिए था। लोगों को दिक्कत हो रही है। इसे हटाकर तत्काल इसकी फोटो मुझे भेजें, किंतु गुरुवार तक तीन दिन बाद भी नागपुर रोड नाका नंबर एक का मलबा नहीं हटाया जा सका था और इन तीन दिनों में उपयंत्री को प्रतिदिन फोन करके मलवा नहीं हटने की जानकारी दी जाती। उपयंत्री संबंधित कर्मचारियों को मलवा तत्काल उठाने की बात कहते रहे, किंतु समाचार लिखे जाने तक इस समय इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सकता था। अब बड़ा प्रश्न यह है कि जब अधिकारी के कहने पर भी सफाई कर नहीं हो पा रहा है, तो नगर में स्वच्छता का आलम और आम व्यक्ति की स्थिति का अंदाजा स्वयं ही लगाया जा सकता है।

> **हटवाने का कहता हूं**
> कर्मचारियों को तत्काल मलवा उठाने को कहा गया था, अभी तत्काल और फोन करके कर्मचारियों को मलवा हटाने का कहता हूं।
> **महेश शर्मा,**
> उप यंत्री नगर पालिका मुलताई

## बीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# ग्रामीण क्षेत्र की ओर रवाना हुआ मलेरिया रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई में मलेरिया रथ का आगमन हुआ, जिसे बी.एम.ओ डॉ. गजेन्द्र मीणा द्वारा हरी झंडी दिखाकर विकासखंड के ग्राम कोल्हिया, मालेगांव, हतनापुर, बरई, परमंडल, एवं अन्य ग्रामों मे रवाना किया।

मलेरिया रथ के माध्यम से आमजन को मलेरिया से संबंधित जन जागृति एवं प्रचार प्रसार कर मलेरिया के लक्षण एवं बचाव की जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई में मलेरिया माह जून 2025 के उपलक्ष्य में एम. आई दिवाकर, किनकर द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित बी.एम.ओ डॉ. गजेन्द्र मीणा द्वारा मलेरिया डेंगू, चिकनगुनिया बीमारियो पर चर्चा कि गई एवं बचाव संबंधित समझाईश दी गई। एम.आई द्वारा बताया गया कि घरो के संग्रहित पानी को हफ्ते में 1 बार खाली कर टाके टंकी को साफ धोकर सुखाकर नया पानी भरे एवं ढाक कर रखे घरो मे छत पर रखे। नारियल के खोल, मटके एवं अन्य बेकार के कंटेनर में पानी जमा न होने दे। घरो के आस-पास के गड्ढों को मिट्टी से भर दे और नालियो की निकासी करते रहे। शाम को नीम के पत्ती का धुआ करे। फुल आस्तीन के कपड़े पहने तथा रात में मच्छरदानी मे सोये। बुखार आने पर तत्काल आशा कार्यकर्ता से खून की जांच कराये। कार्यशाला के अंत में मलेरिया से बचाव हेतू शपथ ग्रहण किया गया। कार्यशाला में उपस्थित बीपीएम प्रवीण नागले, बीसीएम चंदन भलावी, सेक्टर सुपरवाइजर सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 'जहां भाजपा सरकार, वहां-वहां विकास और जन कल्याण'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार में चल रहे कार्यक्रम विकसित भारत, अमृत काल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में 30 मे से 26 संगठनात्मक मंडलो में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की गई। गुरूवार को खेडीसावलीगढ, बडोरा, बैतूल गंज व कोठीबाजार मंडल की संकल्प सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष बेमिसाल और कई मामलों में अकल्पनीय और जनकल्याण को समर्पित रहा है। पहले हर वर्ष गरीबों की संख्या निरंतर बढ़ती रहती थी और गरीबी रेखा की सूची लगातार इजाफा होता रहता था, किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शानदार 11 वर्षों में 25 करोड से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आकर एक अच्छा जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान योजना, लाडली बहना योजना, विधायिका में महिला आरक्षण सहित देश के आंतरिक और बाह्य मामलों में शानदार उपलब्धियां अर्जित की है। ऑपरेशन सिंदूर से देश और देशवासियों का स्वाभिमान बढ़ा है। जिसके लिए देश की करोडों-करोड़ों जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए दिखाई दे रही है। सभा को संबोधित करते हुए बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश के साथ-साथ प्रदेश और हमारा जिला निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार हैं। वहां-वहां विकास और सिर्फ विकास की गंगा बह रही है। 2014 कि पहले हमारे जिले मे ही गैस कनेक्षन और बिजली के लिए लोगो को परेषान होना पडता था। राषन के लिए लंबी लाईने लग रही थी। पीने के पानी को लेकर जनता में हाहाकार मचा हुआ था। वहीं किसानो को सिंचाई के लिए रात रात भर जागना पडता था। अब मोदी जी के आने के बाद से स्थितीयों में परिवर्तन आया है। कुछ कांग्रेसी कहते है कि हमने काम ही नही किए तो लोग परेषानी ही नही बताते भाजपा काम करने पर विष्वास करती है। अटलजी के कार्यकाल में गांव शहर से पक्की सडको के साथ जुडे तो शहर महानगरो से जुड गए। आज हर क्षेत्र में विकास दिखाई देता है। सभा का संचालन करते हुए अभियान के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि जिले के 26 संगठनात्मक मंडलो में यह संकल्प सभा आयोजित की जा चुकी है आने वाले दिनो में 21 जून को योग दिवस और 23 जून को डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस और 25 जून को आपातकाल की 50 वीं बरसी के साथ साथ शक्ति केन्द्रो सहित बूथ स्तर पर कार्यक्रम होगें।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर बटकी डोह की सीएचओ, एएनएम, आशा को किया सम्मानित

# सिकलसेल जांच, काउंसलिंग आर परामर्श शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



विश्व सिकलसेल दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 19 जून को जिला चिकित्सालय बैतूल के नवीन एमसीएच भवन में सिकल सेल जागरूकता, जांच, काउंसलिंग एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिला बडवानी के तलून खेल मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री इंदौर से कार्यक्रम में लाइव जुड़े रहे, जिसका सीधा प्रसारण दिखाया गया। बड़वानी में आयोजित कार्यक्रम में सिकल सेल एनीमिया पर बैतूल में बनी डाक्यूमेंट्री प्रसारित की गई। जिला चिकित्सालय बैतूल के एमसीएच भवन में दिखाए गए सीधे प्रसारण कार्यक्रम में बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, श्रीमती पार्वती बारस्कर नगर पालिका अध्यक्ष बैतूल, सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आठनेर गुलाब सिंह सोलंकी एवं जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर राजीव रंजन श्रीवास्तव, रेडक्रास सोसायटी के चैयरमेन जयसिंहपुरे मौजूद रहे।

बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि हमारे जिले में सिकलसेल मरीजों की स्क्रीनिंग एवं सिकल सेल में किये गये कार्य की उपलब्धि सराहनीय है। सिकल सेल के मरीज के लिये आवश्यक है कि वे संतुलित आहार लें, गर्मी एवं सर्दी से बचें किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर चिकित्सक से तुरंत परामर्श लेवें। अगर किसी भी समुदाय में सिकल्स का एक भी मरीज मिले तो पूरा समाज उसे आवश्यक जानकारी प्रदान करें जिससे वह शीघ्र ही यथोचित उपचार पा सके। हम सब मिलकर समाज को जागरूक करेंगे, सभी लोग जागरूक रहेंगे तब ही हम सिकल सेल उन्मूलन का कार्य पूर्ण कर सकेंगे। जिले में ऐसी व्यवस्था की जाए कि सिकल सेल के सभी मरीजों को नियमित रूप निःशुल्क ब्लड मिल सके।

आमला विधायक डॉ योगेश पंडागे ने कहा कि सिकल सेल ऐसी बीमारी है जिसके उन्मूलन का हम कभी सोच भी नहीं सकते किन्तु हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2023 में सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत की थी जिसके उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2047 रखा गया है। सिकलसेल एनीमिया गंभीर आनुवंशिक बीमारी है जिसको चिकित्सक एवं दवाईयों के द्वारा खत्म नहीं किया जा सकता है। जिसमें कुछ प्रजातियां जैसे यादव समाज एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों में इस बीमारी से अधिक पीड़ित हैं। शुरू के वर्षों में बच्चों में पता नहीं चलता उम्र बढने के साथ-साथ हीमोग्लोबिन की कमी, पीलिया का बार-बार होना एवं जोडो का दर्द रहना इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं ये लक्षण होने पर तत्काल सिकलसेल स्क्रीनिंग करवाकर उपचार प्रारंभ करवायें।

सीएमएचओ डॉ हुरमाड़े द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक सिकल सेल मुक्त भारत का संकल्प लिया गया है। हमारा प्रयास है कि हम जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से इस बीमारी के उन्मूलन के संकल्प को प्राप्त कर सकेंगे। डॉ हुरमा? ने जिले में राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन हेतु चल रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि जिले की कुल आबादी 15,75,000 है जिसमें आदिवासी जनसंख्या 6,66,223 है, जिले को वर्ष 2025 में सिकल सेल स्क्रीनिंग का लक्ष्य 1,83,468 दिया गया है, 1 अप्रैल 2025 से अब तक 7,500 सिकल सेल स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जिले में कुल 1265 सिकल सेल रोगी एवं 5478 सिकल सेल वाहक हैं। सिकल सेल रोगियों के टीकाकरण हेतु 0 से 20 वर्ष तक के कुल 553 में 498 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है। जिले में 5,15,541 जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड वितरण किये गये हैं एवं यूनिक डिसेबिलिटी के 332 कार्ड वितरण किये जा चुके हैं, 125 कार्ड तैयार किये जा रहे हैं जो 4 से 5 दिन में उनके घर उपलब्ध करा दिये जायेंगे, पिछले 1 वर्ष में सिकल सेल एवं थैलेसीमिया के 1707 रोगियों को रक्ताधान किया गया है।

जिला नोडल अधिकारी सिकल सेल डॉ अंकिता सिते ने बताया कि शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा सिकल सेल के संदिग्ध मरीजों की जांच, उपचार एवं परामर्श दिया, जिसमें जनरल मेडिसिन, ऑर्थोपेडिशियन, शिशु रोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरिपिस्ट, काउंसलर इत्यादि सम्मिलित हुए। साथ ही शिविर में जिले में सिकल सेल के मरीजों के लिए टेलीमेडिसिन के माध्यम से फोर हंस हास्पिटल दिल्ली के विशेषज्ञ डॉ राहुल भार्गव एमडी एवं बोन मेरूट्रांसप्लांट विशेषज्ञ मरीजों की काउंसलिंग की गई।

### सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सिकल सेल शिविर आयोजित

सिकल सेल दिवस पर जिला स्तर से सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सिकल सेल शिविर आयोजित किये गये हैं। सिकल सेल में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बटकी डोह की सीएचओ अनिता मालवीया, एएनएम श्रीमती तारावती काजले, आशा ऊषा मांझी को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। शिविर में सिकल सेल परामर्श के लिए कुल 76 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया, जिसमें 60 मरीजों की एचपीएलसी जांच की गई।

## दुर्घटना पीड़ितों के लिए नकदी रहित उपचार

सीहोर। परिवहन सचिव ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए नकदी रहित उपचार योजना के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर्स को निर्देश दिये हैं। निर्देश में कहा गया है कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को नकदी रहित उपचार स्कीम के संबंध में उनके अधीनस्थ अधिकारी को यह जिम्मेदारी दी जाये। इसके साथ ही प्रकरणों की नियमित मॉनीटरिंग की जाये। संभाग के सभी कमिश्नर को इस व्यवस्था की नियमित मॉनीटरिंग किये जाने के लिये भी कहा गया है। सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर निर्देश दिये जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी सम्पूर्ण देश में इसकी नियमित मॉनीटरिंग कर रही है। यह कमेटी विभिन्न राज्यों से रिपोर्ट प्राप्त कर सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न योजनाओं और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी गाइड-लाइंस की समीक्षा कर सर्वोच्च न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है। प्रदेश स्तर पर मुख्य सचिव द्वारा लगातार बैठक कर इसकी समीक्षा की जा रही है। केन्द्र सरकार ने स्कीम की अधिसूचना 5 मई, और मार्गदर्शक सिद्धांत अधिसूचना 4 जून, को जारी की है। यूजर मैनेजमेंट पोर्टल भी तैयार किया है। सड़क दुर्घटना प्रकरणों में जहाँ दोषी मोटरयान के पास वैध तृतीय पक्ष बीमा कवरेज था, उसका भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा साधारण बीमा कंपनियों के सहयोग से किया जाएगा।

### नप सफाईकर्मियों को समय के हिसाब से वेतन नहीं मिलने से नाराजगी बरकरार

# एसडीएम के आश्वासन पर बंद की थी हड़ताल, पूरी नहीं हुईं मांगें, फिर शुरू

सोहागपुर नगर परिषद में कर्मचारियों के वेतन को लेकर समस्या बनी हुई है। कर्मचारियों को निर्धारित टाइम शेड्यूल अनुसार पेमेंट नहीं मिल रहा है। जिसके चलते नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार से हड़ताल प्रारंभ की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जानकारी अनुसार छह जून 2025 की सुबह नप सफाई कर्मियों ने हड़ताल शुरू की थी। क्योंकि कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला था तथा कर्मचारियों की मांग थी कि वेतन वृद्धि लाभ दें एवं वेतन वृद्धि लाभ घोषणा माह से मई तक का एरियर दिया जाए। 24 घंटे बाद सात जून की सुबह एसडीएम अनिल जैन तथा नप प्रभारी सीएमओ व तहसीलदार आरके झरबड़े के 10 दिन में समस्या समाधान के आश्वासन पर सफाई कर्मियों ने हड़ताल समाप्त की थी।



इधर बुधवार को आश्वासन के 10 दिन बीतने पर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बुधवार की शाम सफाईकर्मी एसडीएम जैन से उनके कार्यालय में मिले। कर्मचारियों ने एसडीएम को याद दिलाया कि उन्होंने सात जून 2025 को 10 दिन में समस्या समाधान का आश्वासन दिया था। एसडीएम ने इसे स्वीकार किया और नप के जनप्रतिनिधियों को बुलवाया। सूत्र बताते हैं कि नप के जनप्रतिनिधि अपने ही कर्मचारियों सहित एसडीएम से मिलने नहीं पहुंचे। जब वेतन से संबंधित समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ, तो सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार सुबह से हड़ताल पर जाने की घोषणा की।

### दोबारा शुरू हड़ताल

कर्मचारियों ने मांगों की पूर्ति नहीं होने पर गुरुवार सुबह से हड़ताल प्रारंभ की है। सुबह छह बजे सभी सफाईकर्मी नप कार्यालय पहुंचे और उन्होंने हड़ताल शुरू की। जिसके चलते समूचे शहर में कचरे के ढेर लग गए। गुरुवार को हाट बाजार होने के कारण बाजार क्षेत्र में शाम होते-होते कचरे के ढेर लग गए। बताया जाता है कि शाम छह बजे तक कर्मचारियों को प्रशासनिक व्यवस्था की ओर से मांगों की पूर्ति के संबंध में उचित आश्वासन नहीं मिल सका था। बाजार क्षेत्र में अधिकतर व्यापारी दुकानों के आसपास सफाई करते देखे गए।


### प्रभारी सीएमओ पहुंचे लेखा शाखा



इधर गुरुवार शाम लगभग 4:30 बजे प्रभारी सीएमओ तहसीलदार आरके झरबड़े नप लेखा शाखा पहुंचे। उन्होंने वेतन भुगतान पर शाखाकर्मियों से बात की। कर्मियों ने बताया कि नया वेतन सभी को देने पर व्यय पांच लाख रुपए बढ़ेगा। सूत्रों की मानें तो शाखा कर्मियों ने झरबड़े को बता दिया है कि वेतन भुगतान लायक राशि नहीं है। तनाव की स्थिति झरबड़े व कर्मियों के चेहरों पर झलक रही थी। हरिभूमि से संक्षिप्त चर्चा में झरबड़े ने संक्षिप्त जवाब दिया कि निराकरण के प्रयास जारी हैं।

# कल से शुरू होगा अधिवेशन अंतिम ऑनलाइन बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




अखिल भारतीय साहित्य परिषद के मध्य भारत प्रांत का प्रांतीय अधिवेशन ग्वालियर में 21 व 22 जून को होगा। जिसकी अंतिम ऑनलाइन बैठक बुधवार रात की गई। बैठक में नर्मदापुरम जिला व संभाग क्षेत्र के साहित्यकार भी सम्मिलित हुए।

बैठक में अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांताध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव, महामंत्री आशुतोष शर्मा एवं अधिवेशन संयोजिका डॉ. नुसरत मेहंदी ने दो दिवस में होने वाले सभी सत्रों की जानकारी दी। प्रांतीय टोली के साहित्यकारों के कार्य विभाजन का विवरण भी बैठक में प्रस्तुत किया गया। बैठक में बताया गया कि मध्य प्रांत के प्रत्येक जिले से उत्कृष्ट कार्य करने वाले साहित्यकारों का सम्मान होगा। वहीं प्रत्येक जिले के ख्यात दिवंगत साहित्यकारों के सचित्र विवरण अधिवेशन की प्रदर्शनी में लगाए जाएंगे। डॉ. नुसरत मेहंदी ने बताया कि 19 जून से प्रांत के साहित्यकार ग्वालियर पहुंचना शुरू हो गया है।

अधिवेशन में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय व प्रांत पदाधिकारी नव साहित्यकारों को सनातन जागरण, राष्ट्र चेतना, कुटुंब प्रबोधन में साहित्यकारों की भूमिका पर मार्गदर्शन देंगे। अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत महामंत्री आशुतोष शर्मा ने बताया कि अधिवेशन का केंद्रीय विषय 'उभरते भारत का रचना संसार' निर्धारित किया गया है।

# शिवपुर में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

ग्राम पंचायत शिवपुर के सभागृह में बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं जैसे डी पी बार बार जलना, खराब केवल के कारण विद्युत आपूर्ति में बाधा , स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की बिना अनुमति और अनुपस्थिति में लगाकर जाना, अत्यधिक बिजली बिल की समस्या के समाधान के लिए विभाग के अधिकारी सहायक प्रबंधक नीलेश धुर्वे, प्रबंधक भरत पदराम के साथ जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के साथ बैठकर समस्याओं का निराकरण किया एवं प्रयास किया कि आने वाले समय में क्षेत्र में बिजली की स्थिति में सुधार हो सके - वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जनपद अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह मंडलोई ने इसके अलावा विभाग के उप महाप्रबंधक से मोबाइल पर चर्चा कर बताया कि ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण बारिश हमेशा जीव जंतु का भय बना रहता है इस कारण विद्युत आपूर्ति व्यवस्थित और सुचारू रहना चाहिए एवम शिवपुर में पूर्ण प्रशिक्षित कर्मचारी नियुक्त होना चाहिए।

जिसका तुरंत समाधान करने का आश्वासन उच्च अधिकारी ने दिया - विधायक प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल ने अधिकारियों को बताया कि विधायक जी की मंशानुसार क्षेत्र में खराब केवल शीघ्र बदले जाना चाहिए ताकि बारिश के कारण आगजनी की घटनाओं से बचा जा सके।

# विधायक के निवास पर भाजपा ने विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने नगर में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की।

सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के स्थानीय निवास पर यह सभा आयोजित की गई। सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि पूर्व विधायकद्वय राजेंद्र सिंह राजपूत एवं सविता दीवान उपस्थित ने संकल्प सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को भारत का स्वर्णिम काल बताया।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही भारत विकसित देश श्रेणी में पहुंचेगा, और यह सुनिश्चित रूप से होगा। क्योंकि इसके प्रमाण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल प्रयासों के रूप में समक्ष हैं।




इस सभा में पूर्व जिला उपाध्यक्ष जेपी माहेश्वरी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि नन्नू छाबड़िया, नप अध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, संजय तिवारी रघुवंशीपुरा, संजय तिवारी मातापुरा, अभिनव पालीवाल, युमो मंडल अध्यक्ष नीरज यादव, पूर्व पार्षदगण जगदीश अहिरवार, दीपक साहू व राकेश चौरसिया, मिथलेश ठाकुर, रामबाबू रघुवंशी, मंडल कोषाध्यक्ष सौरभ सोनी, ऋषभ गढ़वाल, पार्षद रवि उईके व आशीष विश्वकर्मा, नीलेश खंडेलवाल, अनिल साहू, पूनम दुबे, सरिता चौरसिया, पुष्पा वर्मा, सुधा श्रीवास, संध्या नागवंशी व अन्य नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पंचायतों में सचिव व रोजगार सहायक के तबादले किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा प्रभारी मंत्री की अनुशंसा के बाद पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के तबादले किए गए हैं जिसमें अजय पांडे सुहागपुर विधानसभा अजय नगर ग्राम पंचायत से पिपरिया की खेरी कला ग्रापं में पदस्थित किया गया है।

अभिषेक पांडे को पचलावरा ग्राम पंचायत से सरीला किशोर पदस्थ किया गया है अमीर सिंह को राय खेड़ी ग्राम पंचायत से पिसवा ग्राम पंचायत में पदस्थ किया गया है अमन सिंह बामणी जो सिर्फ कागजों पर ही चल रहे हैं उन्हें विश्वास से माखन नगर मुड़िया खेड़ी पद्धति कर दिया गया है महेश पटेल को सेल्वाड़ा से सरपंच किया गया है सुग्रीव यादव को खेरी कला से ग्राम पंचायत लांझी पदस्थ किया गया है। नरेंद्र सिंह राजपूत को लांजी से राईखेड़ी पदस्थ किया गया है।

किरण कहार को परखी से ग्राम पंचायत तरुण कला पदस्थ किया गया है। इसी तरह से अनिल जायसवाल रोजगार सहायक को मटकुली से ग्राम पंचायत बांसखेड़ा पदस्थ किया गया है धनराज मेहरा को डापका से खेरूआ ग्राम पंचायत सदस्य किया गया है। रामकुमार पटेल को पचवारा से ऊटिया किशोर पदस्थित किया गया है। ललित पुरबिया को मटकुली पदस्थित किया गया है। शरद शुक्ला पंचायत समन्वयक अधिकारी को सुहागपुर से पिपरिया पदस्थ किया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कल

पचमढ़ी। वरिष्ठ समाजसेवी अशोक मांडले, अध्यक्ष, मध्य भारत युवा शक्ति ने बताया कि सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में विश्व योगा दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून दिन शनिवार को मध्य भारत युवा शक्ति द्वारा भोपाल के प्रसिद्ध प्रोफेसर डॉ हरपाल सिंह नेत्र सर्जन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ (महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित) उनके साथ डॉ श्रीमती पूजा सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ अर्पण नेत्रालय एवं प्रसूतिगृह द्वारा आंगनवाड़ी नर्सरी स्कूल वार्ड क्रमांक 4 इंद्रप्रस्थ होटल के पास पचमढ़ी में नेत्र रोग एवं महिला रोग का निःशुल्क मेडिकल हेल्थ परीक्षण कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमे निःशुल्क चश्मे भी वितरित होंगे । मध्य भारत युवा शक्ति , लक्ष्य समिति भोपाल के सौजन्य स्वरूप सान्दीपनी विधालय पचमढ़ी में प्राइमरी कक्षा के बालक बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्यसामग्री वितरण कार्यकम भी करेंगे । इसके साथ ही बच्चों को आचरण एवं आत्म निर्भर विषयक मार्गदर्शन देंगे।

# विहिप अभ्यास वर्ग कार्यक्रम 21 व 22 को होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

विश्व हिंदू परिषद नर्मदा पुर जिले का 2 दिवसीय 21 22 जून जिला अभ्यास वर्ग सिवनी मालवा में होगा आयोजित।

उक्त जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद जिला सेवा प्रमुख अनिल यादव ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद अपने कार्यकर्ताओं को अनुशासन संगठन रीति नीति सबल सक्षम बनाने हेतु अभ्यास वर्ग लगाए जाते हैं विश्व हिंदू परिषद नर्मदा पुर जिले का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग दिनांक 21 22 जून 2025 को स्थानीय श्री राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर नए बस स्टैंड के पीछे रखा गया हे। वर्ग में 21 जून दोपहर 2 बजे तक प्रशिक्षण में आगमन होगा एवं 22 जून शाम 5 बजे वर्ग का समापन होगा प्रशिक्षण वर्ग में जिला कार्यसमिति जिले के सभी प्रखंडों की समिति पदाधिकारी शामिल होंगे।

वर्ग में विश्व हिंदू परिषद मध्य भारत प्रांत के प्रांत सह मंत्री जितेंद्र सिंह चौहान प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर प्रांत सह धर्मप्रसार प्रमुख भंवर सिंह शेखावत बजरंग दल प्रांत गोरक्षा प्रमुख कृष्ण कांत गावंडे विभाग सह मंत्री राजेश प्रजापति विभाग संयोजक चंचल सिंह राजपूत आदि का मार्गदर्शन सभी सत्रों में होगा वर्ग में प्रमुख रूप से जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष जिला संयोजक नितिन मेश्कर आदि उपस्थित रहेंगे। इस दौरान विहिप कार्यक्रताओं को उक्त दिनांक को उपस्थित रहने की बात कही गई है।

# पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण और स्वास्थ्य परीक्षण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

सिवनी मालवा,के शासकीय हायर सेकण्ड्री स्कूल खपरिया में विकासखण्ड स्तरीय रसोईयों का प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत आज एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया।

शुभारंभ जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी संकुल प्राचार्य अरविंद दुबे की उपस्थिति में हुआ। जिसमें जनशिक्षा केन्द्र खपरिया,जनशिक्षा केन्द्र चतरखेडा एवं जनशिक्षा केन्द्र बघबाडा के सभी रसोईये उपस्थित हुए । प्रशिक्षण में उपस्थित बीएसी संतोष कुमार शर्मा एवं कमलेश यादव द्वारा रसोईयों को शासकीय योजना के तहत शासकीय प्राथमिक एवं



माध्यमिक स्कूल के बच्चों को दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन मेन्यु के अनुसार गुणवत्तापूर्ण तथा भोजन पोषक तत्वों भरपूर हो, से संबंधित निर्देश दिये गये तथा प्रशिक्षण में उपस्थित कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी के द्वारा रसोईयों को खाद्य सामग्री के रख-रखाव तथा किचिन की साफ-सफाई रखने तथा बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित निर्देश दिये। प्रशिक्षण में उपस्थित 98 रसोईयों एवं कार्यकर्ताओं के स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. आदिल खान द्वारा किया गया। तथा इसमें तीनों जनशिक्षा केन्द्रों कें जनशिक्षक विजय सिंह राजपूत मनमोहन रघुवंशी एवं साक्षरता प्रभारी हजारी लाल बाथव प्रशिक्षण में उपस्थित रहे। बीएसी संतोष शर्मा एवं मध्यान्ह भोजन प्रभारी मनमोहन रघुवंशी द्वारा प्रशिक्षण समापन हुआ।

# जब भी धर्म की हानि होती है तो रक्षा करने के लिए अवतार लेते हैं भगवान : पं. तरुण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जब-जब भी धर्म की हानि होती है व आसुरी शक्तियों का अत्याचार बढ़ता है, तब भगवान श्री हरि नर रूप में अवतार लेते हैं। उक्त बात देनवा गार्डन सोहागपुर में जारी श्रीराम कथा आयोजन के तृतीय दिवस कथावाचक पं. तरुण तिवारी नर्मदापुरम ने कही।यह आयोजन सोहागपुर शहर का मंगलमय महिला मंडल करा रहा है।

इसमें गुरुवार को प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव कथा पं. तरुण तिवारी ने सुनाई। उन्होंने कहा कि जब पृथ्वी पर अत्याचार व अनाचार बढ़ता है तथा धर्म की हानि होती है तो भगवान विविध स्वरूप में अवतार लेते हैं। जब रावण का आतंक त्रेता



में हुआ तो भगवान श्री विष्णु ने श्रीराम रूप में जन्म लेकर पृथ्वी को मुक्त किया। पं. तिवारी ने बताया कि मां भगवती पार्वती ने भगवान शंकर से राम कथा सुनाने के लिए प्रश्न किया। और भगवान शंकर ने राम जन्म के कई कारण बताए। जिसमें एक कल्प में जय और विजय को श्राप के कारण भगवान को जन्म लेना पड़ा। मनु महाराज की तपस्या के कारण भगवान एक कल्प में आए व नारद जी के श्राप के कारण भगवान को नर लीला करने आना पड़ा। श्री राम जन्मोत्सव कथा दौरान भजनों पर भक्तजन नृत्य करते नजर आए। कथा परिसर में सजाई गई झांकी के दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित हुए।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियां

# बारिश का पानी संरक्षण करने बनाए जा रहे डगवेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिलेभर में जल संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम कराड़िया भील एवं नयापुरा सहित अनेक ग्रामों में डगवेल रिचार्ज का निर्माण कराया जा रहा है ताकि वर्षा के अधिक से अधिक जल का संरक्षण किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले



में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

# हादसे में बाइक सवार युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बाइक सवार को पीछे से तेज गति से आ रहे एक मोटर साइकिल वाले ने टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक सुधीर रॉय पिता रूपचन्द रॉय उम्र 30 निवासी देव नगर बस्ती सेहोर ज़िला सीहोर अपनी बाइक से बुधवार को दोपहर 1बजे के करीब सीहोर जा रहा था। उसी दौरान भादाकुई स्टैंड के पास तेज गति से आ रहे बाइक सवार बुजुर्ग ने उसे टक्कर मार दी।

इस दौरान बुजुर्ग बाइक चालक टक्कर मार मौके से भाग गया। राहगीर ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को भैरूंदा सिविल अस्पताल भिजवाया। घायल युवक को आंख चोट आई और उसका उल्टा हाथ फैक्चर हुआ है।

अस्पताल में उपचार जारी है। घायल सुधीर रॉय ने बताया कि बह उसके घर सीहोर जा रहा था।



भादाकुई बस स्टेंड के पास पीछे की और से तेज़ रफ्तार मोटर साइकिल सवार एक बुजुर्ग ने टक्कर मार दी। मेरे द्वारा उनको आवाज दी कहा उठा लो फिर भी नहीं रुका और मौका देख फरार हो गया। कुछ समय बाद राहगीरों ने उठाया पानी पिलाया फिर अस्पताल पहुंचाया। एक हाथ फेक्चर हों गया और आंखों के ऊपर चोटे आई है।

## खबर संक्षेप



### कृषि विभाग के दल ने खाद बीज के नमूने लिए

**हरदा।** कृषि विभाग के दल ने गुरूवार को विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद व बीज के नमूने लिये। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी कृषि, अनुभाग हरदा रचना पटेल, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संगीता डावर, जितेंद्र मंडलोई एवं सहायक तकनीकी अधिकारी अनिल मलगाया ने आदित्य एग्रो एंटरप्राइजेस तथा हरिधन सीडस एवं एग्रो सर्विसेस का निरीक्षण कर बीज एवं खाद के सैंपल्स लिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित डीलर्स के विरुद्ध कृषि आदान में प्रावधानित एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

### आधार ऑपरेटर चयन के लिए आवेदन 25 तक

**खंडवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बाल विकास परियोजना कार्यालयों में संचालित स्थायी आधार मशीनों के संचालन हेतु पंजीयन केन्द्रों में आधार पंजीयन और अपडेशन कार्य के लिए आवश्यकता अनुसार आधार ऑपरेटरों के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह चयन प्रक्रिया कलेक्टर के माध्यम से रजिस्ट्रार, महिला एवं बाल विकास के अधीन संचालित की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून तक आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आधार ऑपरेटर पद के लिए आवेदक का कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही उसे एनएसईआईटी द्वारा आयोजित आधार परीक्षा उत्तीर्ण करनी चाहिए। आवेदक संबंधित जिले का निवासी होना चाहिए और वह किसी भी रूप में ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। जिन आवेदकों को आधार पंजीयन कार्य का पूर्व अनुभव होगा, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। यदि एक से अधिक आवेदक समान योग्यता रखते हैं तो चयन में अनुभव को वरीयता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त आवेदक के विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं होना चाहिए। आवेदन पत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला खंडवा के कार्यालय में निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा किए जा सकते हैं। अधिकारी ने इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

### पॉलिटेक्निक में लेवल काउंसलिंग के रजिस्ट्रेशन

**खंडवा।** महात्मा ज्योतिबा फुले पॉलिटेक्निक कॉलेज, खंडवा में प्रवेश के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग के रजिस्ट्रेशन 18 जून से शुरू हो गए हैं। संस्था स्तर की काउंसलिंग के तहत प्रवेश का पहला अवसर 2 जुलाई को रहेगा। इसके बाद हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग की अंतिम तिथि 14 अगस्त निर्धारित की गई है। दसवीं पास सभी छात्र-छात्राएं सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक कॉलेज में उपस्थित होकर काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। द्वितीय चरण के बाद रिक्त सीटों के लिए फिर से कॉलेज स्तर पर काउंसलिंग की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए छात्र कॉलेज के कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं या वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### जिला स्तरीय योग कार्यक्रम हॉली स्पिरिट कान्वेंट स्कूल में होगा

**खंडवा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 जून को हॉली स्पिरिट कान्वेंट स्कूल सिविल लाइंस खंडवा में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे से होगी, जिसमें 6 बजे से 6:30 बजे तक जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा। इसके पश्चात 6:30 बजे से 6:40 बजे तक मुख्यमंत्री मोहन यादव का सीधा प्रसारण भोपाल से दिखाया जाएगा। वहीं 6:40 बजे से 7 बजे तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन विशाखापट्टनम से सीधा प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम में अंत में प्रातः 7 बजे से 7:45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत सामूहिक योग अभ्यास कराया जाएगा।

## पंचकल्याणक महोत्सव का छठवां दिन कैवल्यज्ञान कल्याणक

# छह माह के बाद विधि मिलने पर हुआ मुनिश्री ऋषभसागर का आहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

टिमरनी नगर में चल रहे श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव के छटवें दिन राजा से मुनि बने भगवान ऋषभदेव का कैवल्यज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया गया। प्रातःकाल तपकल्याणक की पूजन अर्चन कर मुनिश्री ऋषभसागर महाराज की आहार चर्या विधि संपन्न कि गई। जिसमें छः माह के बाद विधि मिलने पर मुनिश्री ऋषभसागर कि आहार चर्या संपन्न हुई। इस अवसर पर मुनिश्री निर्णयसागर महाराज ने आहारदान पर प्रवचन देते हुए कहा कि दिगंबर मुनिराज को आहार दान देने के लिए स्वर्ग का राजा सौधर्म इंद्र भी तरसता है। मुनिराज के हाथ में एक ग्रास देने के लिए वह अपने स्वर्ग का पूरा राज भी छोडऩे को तैयार रहता है, लेकिन यह सौभाग्य प्राप्त नहीं हो पाता। मुनिश्री ने कहा कि भगवान ऋषभदेव को 7 महीने 8 दिन के पश्चात आहार लाभ हुआ था। श्रावक को आज आहार दान देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। श्रावक दान देकर अपने पुण्य की सराहना करता अपने जीवन को धन्य मानता है, जबकि मुनि आहार ग्रहण करते हुए अपने कर्मों को कोसते हैं वे आहार लेकर के दुखी होते हैं, क्योंकि उनको आहार लेना पड़ता है।

पंचकल्याणक समिति के अध्यक्ष आलोक जैन ठाकुर साहब एवं कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव में दोपहर पश्चात भगवान के कैवल्यज्ञान कल्याणक की पूजन कर शांति महायज्ञ किया गया। भगवान को कैवल्यज्ञान प्राप्त होने पर भगवान के समवशरण कि रचना सौधर्म इंद्र द्वारा कि जाकर भगवान की दिव्य देशना का श्रवण उपस्थित श्रावकों ने लिया । संध्या कालीन महाआरती का सौभाग्य चम्पालाल, पराग जैन छिपानेर वालों को प्राप्त हुआ। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन सपरिवार पहुंचे, मुनिश्री निर्णयसागर महाराज से लिए आशीर्वाद मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन एवं कोषाध्यक्ष सरगम जैन ने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव में आज कलेक्टर सिद्धार्थ जैन सपरिवार पहुंचे ओर भगवान के दर्शन कर मुनिश्री निर्णयसागर महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया।

## विमल नाथ भगवान के मोक्ष कल्याण दिवस पर चढ़ाया लाडू



**खंडवा।** जैन धर्म में जन्म से ज्यादा मोक्ष को महत्व दिया गया है इसीलिए जैन सामाजिक बंधु तीर्थंकरों के मोक्ष कल्याणक महोत्सव को उत्साह के साथ मनाते हैं। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि आज से हजारों वर्ष पूर्व आषाढ़ कृष्ण पक्ष की अष्टमी के दिन बिहार झारखंड स्थित तीर्थ स्थली सम्मेद शिखर पर्वत की सुवीर कूट से तप तपस्या करते हुए भगवान विमलनाथ जी ने मोक्ष प्राप्त किया था। अष्टमी गुरुवार के दिन भगवान विमल नाथ जी के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर खंडवा के समस्त दिगंबर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ लाडू चढ़ाया गया। सुनील जैन ने बताया कि बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में द्वितीय तल पर शिखरजी की रचना में विराजमान रत्नजड़ित प्रतिमा का प्रातः काल श्रद्धालुओं द्वारा नित्य पूजन अभिषेक कर सभी के कल्याण के लिए शांति धारा कर निर्वाण कांड का वाचन करते हुए लाडू चढ़ाकर आरती की गई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया, सचिव सुनील जैन, पवन रावका, अनूप बड़जात्या, जितेंद्र लोहाडीया, अविनाश बड़जात्या, सतीश पहाड़िया, प्रदीप रावका महावीर रावका, मनीष जैन सराफ, अजय लोहाडिया, ऋषभ गंगवाल, अशोक लोहाडिया, जिनेन्द्र जैन सहीत सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## विश्व सिकल सेल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम में जांच पर दिया संदेश

# सिकल सेल के लक्षणों को पहचानकर लोगों की जांच जरूरी: अमृता यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर खंडवा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें इंदौर से मुख्यमंत्री मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल के सभाकक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

कार्यक्रम में खंडवा विधायक कंचन तनवे ने कहा कि आज हर बीमारी का इलाज संभव है। सिकल सेल कोई ऐसी बीमारी नहीं है जिसका उपचार नहीं हो सकता। जैसे देश को टीबी मुक्त करने के लिए सभी ने मिलकर प्रयास किया है, वैसे ही जागरुकता से सिकल सेल से भी मुक्ति पाई जा सकती है। महापौर अमृता यादव ने कहा कि सिकल सेल बीमारी के लक्षण पहचानकर लोगों की जांच कराना जरूरी है। अगर विवाह से पहले लड़का और लड़की दोनों की सिकल सेल की जांच कर ली जाए तो आने वाली पीढ़ी को इस बीमारी से बचाया जा सकता है। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने सरकार




द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और सिकल सेल बीमारी को लेकर जागरुक रहने की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया एक आनुवांशिक रोग है। इस बीमारी में रोगी की लाल रक्त कोशिकाएं हँसिए के आकार की हो जाती हैं, जिससे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों जैसे फेफड़े, हृदय, गुर्दे और यकृत पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी में जोड़ों में सूजन, पित्त की पथरी, बार-बार बुखार, बच्चों का विकास रुकना और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होना जैसे लक्षण देखे जाते हैं। ऐसे मरीजों को भरपूर पानी पीना चाहिए, प्रतिदिन फॉलिक एसिड की गोली लेनी चाहिए और किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए।

### 3 लाख 5 हजार 102 लोगों की सिकल सेल की जांच की जा चुकी

अब तक जिले में 3 लाख 5 हजार 102 लोगों की सिकल सेल की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 3584 लोग वाहक और 414 लोग इस बीमारी से ग्रसित पाए गए हैं। जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 40 वर्ष तक के नागरिकों के लिए सिकल सेल की निःशुल्क जांच की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान शिविर में आए सिकल सेल के मरीजों को नीमोकोकल वैक्सीन लगाई गई, वहीं दिव्यांग मरीजों के प्रमाणपत्र भी बनाए गए। सावन पिता काशीराम, राजेश पिता रामसिंह, सूजल पिता राजेन्द्र, प्रियांश पिता जीवन, अरब पिता दिलीप, कायरा पिता प्रकाश, दिव्यांश पिता धर्मेन्द्र, लक्ष्मी पिता पप्पू को निःशक्त प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सिविल सर्जन अनिरुद्ध कौशल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी आर.डी. बकोरिया, रश्मि कौशल, अधीक्षक रंजीत बड़ोले, सुनील बाजोलिया, भूषण बांडे, नोडल अधिकारी हेमंत गर्ग, पंकज जैन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ, साईं नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं, आशा कार्यकर्ता व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर जैन ने किया दौरा

# आंगनबाड़ी, स्कूल, अस्पताल व राशन दुकान का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा





कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरुवार को टिमरनी विकासखंड के ग्रामों का दौरा कर आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, अस्पताल और उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया और स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया। भ्रमण के दौरान एसडीएम टिमरनी महेश बडोले के अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एचपी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस रघुवंशी और डीपीसी बलवंत पटेल भी मौजूद थे। कलेक्टर जैन ने ग्राम छिपानेर में उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण कर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि अपात्र व्यक्तियों के नाम पात्रता सूची से काटे जाएं, और केवल पात्र गरीब परिवारों के सदस्यों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न वितरित किया जाए। उन्होंने उचित मूल्य की दुकान की तुलाई मशीन को चेक भी किया। कलेक्टर जैन ने ग्राम छिपानेर में आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया और कार्यकर्ता व सुपरवाइजर से गांव के कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिए कि टीकाकरण योग्य कोई भी महिला व बच्चा टीकाकरण से नहीं छूटे। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के मोबाइल पर विभागीय एप के माध्यम से बच्चों के कुपोषण और टीकाकरण की जानकारी का सत्यापन भी किया कलेक्टर जैन ने इस दौरान महिला बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की अति कुपोषित बच्चों को निकटतम पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर उनका विधिवत उपचार कराया जाए ताकि बच्चों का कुपोषण दूर हो सके। कलेक्टरजैन ने भ्रमण के दौरान ग्राम रायबोर में स्कूल परिसर में पौधरोपण किया।

## जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक संपन्न

# शासन के लक्ष्य से अधिक प्रकरण बैंक भेजें: कलेक्टर



**हरदा।** जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक गुरुवार शाम को जिला पंचायत के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सिध्दार्थ जैन ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत की सीईओ सविता झानिया, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के एलडीओ श्रवण कुमार, डीडीएम नाबार्ड राहुल कुशवाह, अग्रणी जिला प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक मनोज पवार व जिले के सभी नोडल बैंक अधिकारी एवं समस्त शासकीय विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए कलेक्टर जैन ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए की शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक प्रकरण तैयार कर बैंकों को भेजें, ताकि बैंकर्स उनमें से पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर प्रकरण स्वीकृत कर सकें। कलेक्टर जैन ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि विभागों से प्राप्त प्रकरणों में से सर्वाधिक जरूरतमंद हितग्राहियो को चयनित कर उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ दिलाए। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने निर्देश दिए कि स्वरोजगार योजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों को आरसेटी के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण आवश्यक दिलाया जाए। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष अब तक 343 पशुपालकों के किसान क्रेडिट कार्ड तैयार किया जा चुके हैं । आचार्य विद्यासागर योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में अब तक 16 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत वर्ष 2024_25 में 37 हितग्राहियों को ऋण वितरण किया जा चुका है। उद्यम क्रांति योजना के तहत इस वर्ष अब तक 24 हितग्राहियों को डेढ़ करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया जा चुका है, तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 135 स्वसहायता समूहों को लगभग साढे तीन करोड रुपए की सहायता वितरित की गई है।

# कांग्रेस में जिलाध्यक्ष के 16 दावेदार, 6 की पैनल भेजेंगे

## केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं सांसद हरीश मीणा ने बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कांग्रेस के संगठन सर्जन अभियान के तहत नए जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। दिल्ली से आए पर्यवेक्षकों ने ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक और व्यापारी संगठनों से चर्चा कर रायशुमारी पूरी कर ली है। अब 16 दावेदारों में से छह नामों की पैनल दिल्ली भेजी जाएगी, जहां पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व अंतिम फैसला करेगा।

हरदा सर्किट हाउस में मीडिया से चर्चा करते हुए गुरुवार को केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं सांसद हरीश मीणा ने बताया कि जिलाध्यक्ष पद के लिए अब तक 16 आवेदन आए हैं। इन सभी में से छह नामों की पैनल बनाई जाएगी, जिसे पार्टी हाईकमान को सौंपा जाएगा। मीणा ने बताया कि छह नामों की पैनल में 50 प्रतिशत भागीदारी एससी, एसटी, पिछड़ा वर्ग, महिला और युवा वर्ग को देने का मापदंड तय किया गया है। बंद कमरे में दावेदारों से की चर्चा जिलाध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदारों से बंद कमरे में चर्चा की गई। उनसे पूछा गया कि अगर वे अध्यक्ष बने तो संगठन में कैसे समन्वय बनाएंगे और चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए क्या रणनीति अपनाएंगे।

इस बार कांग्रेस कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। पर्यवेक्षकों ने केवल नेताओं से नहीं, बल्कि आम कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और व्यापारी वर्ग से भी राय ली है। कुल 1053 लोगों से राय ली गई। पर्यवेक्षक मीणा ने साफ कहा है कि उन्हीं 16 दावेदारों में से छह नामों की पैनल बनाकर दिल्ली भेजी जाएगी। अंतिम निर्णय पार्टी का वरिष्ठ नेतृत्व करेगा। इन नामों की चर्चा तेज जिलाध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदारों में पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, राजेश पटेल, मोहन विश्नोई, गोविंद व्यास, अनिल सुरमा, महेंद्र पटेल, ओम पटेल, आमिर पटेल और प्रमिला ठाकुर के नाम चर्चा में हैं। दोनों विधायकों ने भी अपने समर्थकों के नाम पर्यवेक्षकों को बताए हैं।

# आरएएफ बटालियन का दल भ्रमण पर



**खंडवा।** जिले की भौगोलिक, धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, जनसंख्या, साक्षरता, निरक्षरता सहित असामाजिक तत्वों की स्थिति की जानकारी एकत्रित करने के उद्देश्य से भोपाल से रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 107 बटालियन का एक दल जिले में भ्रमण पर है। कमांडेंट 107 बटालियन जगदीश प्रसाद बलाई के निर्देशन में सहायक कमांडेंट प्रभांशु प्रभाकर के नेतृत्व में सी/107 बटालियन के 45 सदस्यीय दल द्वारा 18 जून 2025 से 24 जून 2025 तक जिले के संवेदनशील थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रूप से पैदल मार्च कर परिचय अभ्यास किया जा रहा है। कार्य योजना के अनुसार आरएएफ दल ने 18 जून को पंधाना थाना क्षेत्र में पैदल मार्च किया। इसी क्रम में 19 जून को दल प्रभारी प्रभांशु प्रभाकर अपने दल के साथ खालवा थाना पहुंचे, जहां थाना प्रभारी के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में सामूहिक पैदल मार्च कर क्षेत्रीय स्थिति से परिचय प्राप्त किया। यह अभ्यास जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा और समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह अभ्यास आगामी दिनों में भी जिले के अन्य क्षेत्रों में जारी रहेगा।

## शासकीय सीनियर बालिका छात्रावास में समर कैंप आयोजित

# छात्राओं को सुरक्षित रहने के गुर सिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

शासकीय सीनियर बालिका छात्रावास में आयोजित समर कैम्प में बालिकाओं को सुरक्षित रहने और उनके अधिकारों से अवगत कराया जा रहा है। उन्हें बाल संरक्षण और पास्को एवं जेजे अधिनियम के सम्बन्ध में जानकारियां दी जा रही है। यह जानकारी सक्षम कार्यक्रम के ब्लॉक मैनेजर राजेश गुप्ता ने दी है।

उन्होंने बताया कि समर कैम्प का आयोजन, जनजातीय कार्य विभाग के सक्षम कार्यक्रम के तहत किया गया है। जिसमें बालिकाओं को पर्यावरण-संरक्षण के अंतर्गत प्रतिदिन बीज-रोपण, पेड़ पौधों का महत्व और मिट्टी और अनुपयोगी कागजों से विभिन्न वस्तुएं




बनाने की विधियां भी सिखाई जा रही है। इसके अलावा उनमें रचनात्मक-सोच विकसित कर,पर्यावरण और बाल संरक्षण के उपायों से अवगत कराया गया। उन्हें खुद को सुरक्षित रखकर, अपने अधिकारों का उपयोग करने के सम्बन्ध में भी सिखाया जा रहा है। अधीक्षक सपना कोचले और शिक्षक निकिता कोचले ने बताया कि बालिकाओं में तार्किक सोच विकसित करने पर उनके द्वारा नई-नई कहानियों की रचनाएँ की गई। जिसमें पुरानी या बेकार प्लास्टिक से बनी वस्तुओं को दोबारा अपने रचनात्मक तरीके से उपयोग में लाने की जानकारी भी दी गई। फलस्वरूप बालिकाओं द्वारा पेड़-पौधों की नीचे गिरी पत्तियों से कागज पर विभिन्न प्रकार की आकृतियां जैसे फूल, पंछी, जानवर आदि बनाई गई। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रभात परमार्थी ने कैंप का अवलोकन किया। जिसमें उन्होंने बालिकाओं से गतिविधियों को लेकर बातचीत की और उन्होंने उनके साथ अपने-अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने बालिकाओं में तार्किक एवं रचनात्मक सोच विकसित होने की प्रशंसा की और कहा कि कैम्प के प्रत्येक सत्र में बालिकाओं ने बहुत कुछ सीखा है।